# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
26/01/20

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Bhaskar (DELHI)**

लोहरदगा में सीएए की आग... बिगड़े हालात को शांत करने में जुटा पुलिस-प्रशासन

# लोहरदगा में कर्फ्यू जारी, स्कूल-कॉलेज बंद, विहिप-बजरंग दल का गुमला बंद आज

भास्कर न्यूज | लोहरदगा

सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) के समर्थन में विहिप की रैली पर पथराव के बाद बिगड़े हालात पर काबू पाने के लिए जिला प्रशासन ने कर्फ्यू की मियाद 25 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। लोहरदगा डीसी आकांक्षा रंजन ने शहर में 25 जनवरी को कर्फ्यू की घोषणा की है। उनके आदेश पर सभी स्कूल-कॉलेज शनिवार को भी बंद कर दिए गए हैं। कर्फ्यू की अवधि में किसी भी व्यक्ति के घर से बाहर निकलने पर रोक लगा दी गई है।

प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति होने पर 06526-222513 या 100 नंबर पर फोन करने को कहा गया है। शुक्रवार की सुबह सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। शहर के चप्पे-चप्पे पर रैपिड एक्शन फोर्स, सीआरपीएफ, जैप और जिला पुलिस बल के जवान तैनात हैं। शांति व्यवस्था बहाल करने में 12 डीएसपी ने मोर्चा संभाल रखा है। इधर, लोहरदगा की घटना के विरोध में उपद्रवियों की गिरफ्तारी की मांग पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने शनिवार को गुमला जिला बंद का ऐलान किया है। विहिप के अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी ने एसडीएम को बंद की सूचना दे दी है।

## शांति व्यवस्था बहाल करने में 12 डीएसपी ने मोर्चा संभाला



### आईजी कर रहे कैंप, हालात पर नजर रख रहे अफसर

आईजी नवीन सिंह व साकेत कुमार सिंह ने लोहरदगा में कैंप कर रखा है। दो आईपीएस अधिकारियों के साथ डीसी आकांक्षा रंजन सदर थाना में बनाए गए नियंत्रण कक्ष से स्थिति पर नजर रख रही हैं। क्षेत्र में वज्र वाहनों से जवानों ने फ्लैग मार्च किया।

### 2 ट्रेन रद्द, एक डायवर्ट, शाम को पैसेंजर ट्रेन चली, पर यात्री नदारद

सुरक्षा के मद्देनजर रांची-लोहरदगा मेमू पैसेंजर अप और डाउन को रद्द कर दिया गया था। सासाराम-रांची एक्सप्रेस को रुट डायवर्ट कर टोरी-बरकाकाना-मुरी के रास्ते रांची भेजा गया। शाम में लोहरदगा-रांची पैसेंजर और मेमू ट्रेन चली, लेकिन यात्री कम दिखे।

### कुड़ू : पुलिस ने दुकानें बंद कराई, कर्फ्यू

शांति बहाल करने के लिए कुड़ू में पुलिस ने दुकानों को बंद करा दिया। यहां भी कर्फ्यू की घोषणा करते हुए लोगों से घरों में रहने की अपील की। कैरो में जुम्मे की नमाज को देखते हुए मस्जिदों के पास पुलिस तैनात रही।


### इधर, मेदिनीनगर में 10 दुकानें जलकर राख

मेदिनीनगर स्टेशन रोड पर गुरुवार की रात भीषण अग्निकांड में 10 दुकानें राख हो गई। आग कैसे लगी, कोई बता पाने की स्थिति में नहीं है। यहां फल, सब्जी की दुकानें थीं। दुकानदार मो. सादिक ने बताया कि रात करीब 1.30 बजे आग की सूचना मिली।

Punjab kesri (DELHI)

# लोहरदगा में कर्फ्यू, फ्लैग मार्च

लोहरदगा,(भाषा) संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के समर्थन में लोहरदगा में गुरुवार को आयोजित जुलूस पर पथराव के बाद हुई हिंसा के चलते यहां उत्पन्न तनाव को देखते हुए पूरे लोहरदगा में कर्फ्यू लगा दिया गया है। साथ ही सुरक्षा बलों ने आम लोगों में विश्वास उत्पन्न करने के लिए शुक्रवार को फ्लैग मार्च किया तथा शांति बनाये रखने के लिए भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शांति बनाये रखने के लिए जिले के तमाम स्कूल कॉलेजों को दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। वहीं कर्फ्यू के कारण यहां तमाम सरकारी कार्यालय एवं बैंक बंद रहे। लोहरदगा से चलने वाली अनेक ट्रेनें भी रद्द कर दी गई हैं। रांची-लोहरदगा टोरी ट्रेन एवं रांची सासाराम ट्रेन भी रद्द कर दी गयी है। पूरे जिले में पुलिस बल की तैनाती की गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान नजर आ रहे हैं। लोहरदगा में पुलिस महानिरीक्षक नवीन कुमार सिंह एवं राज्य के पुलिस महानिरीक्षक अभियान साकेत सिंह, समीप के जिलों के पांच पुलिस अधीक्षक, 12 पुलिस उपाधीक्षक स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।



Prabhat Khabar , Lohardaga (JKD)

# रैपिड एक्शन फोर्स ने संभाली कमान

लोहरदगा। प्रतिनिधि

लोहरदगा शहर में शनिवार को रैपिड एक्शन फोर्स ने कमान संभाल ली है। दोपहर में आरएएफ के जवानों ने शहर में मार्च किया। इस दौरान वज्र वाहन के साथ सायरन गूंजते रहे। सुबह के वक्त इक्का-दुक्का लोग सड़कों पर निकले। मगर एहतियात बरतते हुए सुरक्षाबलों ने कुछ मेडिकल और इमरजेंसी की स्थिति वाले लोगों को छोड़कर बाकी को वापस लौटा दिया।

अधिकारियों ने शहर के संवेदनशील इलाकों में लोगों से बातचीत कर शांति की अपील की। शाम के पहले शहर और शहर के बाहरी इलाकों में भी लाउडस्पीकर से घोषणा करा दी गई कि कोई भी नागरिक घरों से बाहर ना निकले।

## सदर अस्पताल से एंबुलेंस से मरीजों को भेजा घर

सदर अस्पताल में शनिवार को कुल 25 को डिस्चार्ज किया गया। अस्पताल प्रबंधन ने एंबुलेंस से उन्हें उनके घर पहुंचवाया। अस्पताल में प्रसव के लिए कुल 12 महिलाएं शनिवार को भर्ती कराई गईं। सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने बताया कि डाक्टरों और पारा मेडिकल कर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गई है।

## ट्रेनों के चलने से यात्रियों को मिली राहत

लोहरदगा-टोरी-रांची रेलमार्ग पर यात्री ट्रेन 25 जनवरी को अपने समय पर चली। एक्सप्रेस ट्रेन भी इस रूट से गुजरी। इससे यात्रियों को राहत रही। कर्फ्यू के कारण ज्यादातर यात्री पैदल ही दूर-दूर से स्टेशन पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कईफंसे लोगों को सरकारी गाड़ियों ने स्टेशन पहुंचाया।

## शरणार्थियों को घर पहुंचाने का नहीं हुआ इंतजाम

शहर में भड़की हिंसा के बाद सुरक्षित स्थानों पर शरण लिए कई लोगों को तीसरे दिन भी उनके घर पहुंचाने का इंतजाम नहीं हुआ। गुदरी बाजार स्थित महादेव लाल खेमराज स्मृति भवन रिफ्यूजी कैंप में सोमवार बाजार, अमला टोली और कुजरा गांव के करीब 175 लोग शरण लिए हुए हैं। इनके खाने और रहने की व्यवस्था कई सामाजिक संगठनों ने उठा रखी है।

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF









सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।